सार-समाचार

अभियान के तहत कांग्रेस की बैठक हुई

रतनगढ़ (निसं)। शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर व देहात ब्लॉक कार्यालय में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत एआईसीसी प्रभारी सुभाष चोपडा ने कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। अपने संबोधन में प्रभारी सुभाष चोपड़ा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की राय जानने के लिए उन्हें यहां भेजा गया है।कार्यकर्ताओं ने रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र की राय के लिए एकजुट होकर विधायक पूसाराम गोदारा को अधिकृत किया। गोदारा ने कहा कि अधिकृत करने के उपरांत भी आप प्रभारी से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर अपनी राय दे सकते हैं। इस पर कार्यकर्ताओं ने अपनी राय व्यक्तिगत तौर पर भी दी। नरेंद्र बुडानिया ने कहा कि चूरू जिले में कांग्रेस एकजुट है, जिसका प्रमाण विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में सब ने देखा है। अध्यक्ष इंद्राज खीचड ने कहा कि कार्यकर्ताओं की राय से जिलाध्यक्ष का चुनाव होना पार्टी को मजबूत करेगा। इस अवसर पर खानू खान बुधवाली, रमेश चंद्र इंदौरिया, आसाराम सैनी, फतेहपुर विधायक हाकम अली खान, राजेंद्र मूंड, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ खान, अरविंद चाकलान, भानीराम मेघवाल भी मंचासीन थे। इस दौरान चरण सिंह कोका, मुख्तियार खान, रामवीर सिंह राईका, दीवान सिंह,भानीराम मेघवाल, भागीरथ खीचड,पंडित महेश चंद्र पुरोहित, भंवरलाल जसैल, फकीरचंद दानोदिया, कल्याण सिंह शेखावत, मनफूल टांडी आदि सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन गिरधारी लाल बांगडवा ने किया।

विजयादशमी उत्सव सम्पन्न

नोहर, (निसं)। यहां ललाना मंडल के बडबिराना गाँव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष संचलन एवं विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र पूजन एवं भगवा ध्वज के आरोहण के साथ की गई। संचलन में स्वयंसेवकों ने गणवेश में अनुशासनबद्ध पंक्तियों में कदमताल करते हुए गाँव की मुख्य गलियों से भव्य शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह पर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राधेश्याम (जिला प्रचारक) रहे। उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन एवं सामाजिक समरसता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि संघ राष्ट्रिनर्माण, संस्कार, सेवा और समाज में एकता की भावना को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है। इस अवसर पर सह जिला कार्यवाह सुरेन्द्र , खंड कार्यवाह कमल शर्मा, उपखंड कार्यवाह ललाना प्रीतमपाल , नोहर उपखंड कार्यवाह करण जांगिड, मंडल कार्यवाह विनोद सुथौड सहित अनेक स्वयंसेवक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पथ संचलन में ललाना मंडल के 7 गांवो के 182स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ललाना मंडल के प्रमुख पदाधिकारी और संघ के वयोवृद्ध कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। उत्सव का समापन संघ की प्रार्थना के साथ हुआ।

केशवानंद बना फिर एथेलेटिक्स में चैंपियन

सीकर (निसं)। एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द शिक्षण संस्थान भढाढर सीकर ने जिला स्टेडियम में चल रही 69वीं जिला स्तरीय अंडर 17/19 छात्र एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर 17 में उपविजेता व अंडर 19 में सैकण्ड रनर अप का खिताब अपने नाम किया। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी महेन्द्र सहारण ने बताया कि कुल 10 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक व 10 कांस्य पदक सहित कुल 29 पदक प्राप्त किये। प्रतियोगिता के 400 व 800 मीटर में विनोद ने स्वर्ण पदक, दर्शन ने 100 मीटर दौड में रजत पदक, दीपेश सैनी ने 400 मीटर में स्वर्ण पदक व 800 मीटर में रजत पदक, अंजलि ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक, तनसुख ने शॉट पुट में रजत पदक , प्रिंस बगडिया ने पैदल चाल में कॉस्य पदक, हेमंत बघेल ने 110 मीटर बाधा दौड ने रजत पदक, अमन ने बांस कूद में स्वर्ण पदक व प्रदीप कुमार ने बांस कूद में रजत पदक प्राप्त किया। संस्था निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह, कैम्पस हैड राहुल ढाका ने खेल प्रशिक्षक रवि योगी एवं दिल योगी व सभी खिलाडियों को बधाईयां प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पूर्व मंत्री राजेंद्रसिंह राठौड़ नोहर पहुंचे

नोहर, (निसं)। पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ एक दिवसीय यात्रा के तहत नोहर पहुंचे। यहां पूर्व जिलाध्यक्ष काशीराम गोदारा के निवास पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने राठौड को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंपे। जिनका उन्होंने शीघ्र निराकरण करवाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की प्रदेश में चल रही डीएपी की किल्लत को लेकर जल्द ही कृषि मंत्री से वार्ता कर दूर किया जाएगा, क्योंकि पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता होने के बाद भी किस वजह से दिक्कत आ रही है इसका पता लगाया जाएगा। भादरा में डीएपी लेने के लिए आये किसानों पर लाठीचार्ज के विषय पर अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि इस संबंध में पूरी जानकारी लेकर सीएम को अवगत करवाया जाएगा। इसके अलावा सरकार की भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति व अन्य मुद्दों पर भी उन्होंने खुलकर अपनी राय रखी। इस दौरान भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल प्राप्त किया

नोहर, (निसं)। तहसील के गांव दुर्जाना से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कामना ने बाधा दौड 400 मीटर में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 400 मीटर व 100 मीटर बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस छात्रा का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। विद्यालय परिवार एसडीएमसी सदस्य एसएमसी सदस्य और शाला स्टाफ की तरफ से छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पा वर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं में नेतृत्व की क्षमता और सभी क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता बनाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया तथा छात्राका अभिनंदन विद्यालय परिवार के साथ किया। इस अवसर पर लादु राम भारी, गोपाल सिंह पूनिया, कर्नल सहारन, सुरेन्द्र प्रताप भारी, रोहितास वाल्मीकि, रोहतास पुनिया,कमला, राजेश कुमार जोशी व.अ. राकेश कुमार, बनवारी लाल, सतीश कुमार, सुनील कुमार, पुष्पा, ललिता शर्मा,मीनारानी अध्यापक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

मिसेज करवा चौथ प्रतियोगिता हुई

सीकर (निसं)। सामाजिक कार्यों में अग्रणी संस्था सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष परंपरागत त्योहारों पर महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है उसी कड़ी में इस वर्ष भी मिसेज करवा चौथ प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों एंट्री मंगाई गई। पूरे भारत से जितनी मेंबर्स जुडे हुए है उन्होंने इसमें भाग लिया सबने अपने वीडियो फोटो शेयर किए किसी ने जोड़ी किसी ने सास बहु जोडी की थीम पर त्योहार मनाया तथा अपने अपने वीडियो और फोटो शेयर किये ज्यूरी के निर्णय अनुसार सीकर की मीनू बिजारणिया को प्रथम और द्वितीय स्थान पर करिश्मा शर्मा को चुना गया तृतीय स्थान पर दिल्ली की राजकंवर रही। प्रतियोगियों को संस्था के सदस्यों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। पुजारी सेवक महासंघ रजि के पदाधिकारियों ने झुंझुनूं के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। विदित हो प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत झुंझुनूं के दौरे पर आए थे। इस अवसर पर महासंघ के पदाधिकारियों ने उनका माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मान करने के साथ ही खाटू श्याम में आयोजित महासंघ के महाधिवेशन में पारित मांग पत्र सौंपा। प्रभारी मंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से बात करेंगे। शिष्टमंडल में महासंघ के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीनारायण शर्मा, सीकर जिलाध्यक्ष शंकरलाल शर्मा, झुंझुनूं जिला संयोजक महेश बासावतिया, झुंझुनूं जिलाध्यक्ष विनोद पुजारी, रामचंद्र पाटोदा, विनोद शर्मा इंडाली, अभिषेक शर्मा आदि उपस्थित थे।

राजस्थान नाथ योगी समाज के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 28 दिसंबर को

पाटन (निसं)। राजस्थान नाथ समाज के प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव इस बार 28 दिसंबर 2025 को ऐतिहासिक रूप से प्रत्येक जिले के जिला मुख्यालय पर आजीवन सदस्यों के मतदान द्वारा संपन्न होंगे। यह जानकारी राजस्थान नाथ समाज, सीकर के महासचिव सोहनलाल योगी गढटकनेत ने दी। उन्होंने बताया कि पहली बार प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव जिला स्तर पर मतदान के माध्यम से होगा, जिसमें समाज के लगभग 40,000 आजीवन सदस्य हिस्सा लेंगे। नए आजीवन सदस्य बनने के लिए प्रत्येक जिले में जिला प्रभारी और जिला पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

जल, जंगल, जमीन और जीवन को बचाने का संकल्प

पाटन (निसं)। जल, जंगल, जमीन और जीवन को हर हाल में बचाना होगा - इस बुलंद नारे को साकार करने में जुटे जल प्रहरी, पर्यावरणविद् एवं आपकी आवाज़ फाउंडेशन के संस्थापक दीप सिंह शेखावत के नेतृत्व में चल रही नंगे पांव गांव-गांव पदयात्रा रविवार को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रायपुर (पाटन) पहुंची।इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पानी पर्यावरण पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और जलसंवर्धन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसरपंच अजीत सिंह तंवर ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन एवं सत्य जैसे मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने 'पंच महाभूत' जल, वायु, अग्नि, पृथ्वी और आकाश के संरक्षण का महत्व समझाते हुए कहा, सत्य को जीवन में उतारकर एक सामान्य व्यक्ति भी महापुरुष बन सकता है। यात्रा संयोजक दीप सिंह शेखावत ने विद्यालय परिसर में उपस्थित 300 से अधिक विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को प्लास्टिक खोरी, जहरखोरी, मिलावट खोरी और प्रदूषणखोरी बंद करो जैसे नारों के माध्यम से जागरूक किया और जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। बताया कि यह पदयात्रा पिछले 3 वर्षों से निरंतर चल रही है।

शिक्षक बिना पैसे कैसे करायेंगे स्कूल को रोशन

- **दीपावली पर राज्य के सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूलों में रंग रोगन और मरम्मत के बाद अब लाइटिंग के आदेश भी जारी किए**
- **हालांकि इस संबंध में शिक्षा विभाग ने कोई अतिरिक्त बजट नहीं दिया है, बल्कि स्टूडेंट फंड का ही उपयोग करना होगा**
- **प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूल समसा के बजट का उपयोग कर सकेंगे और बैंक में जमा राशि के ब्याज से भी ये काम हो सकता है**

बीकानेर, (कासं)। दीपावली पर राज्य के सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूलों में रंग रोगन और मरम्मत के बाद अब लाइटिंग के आदेश भी जारी किए गए हैं। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को भी इसमें शामिल किया गया है। आदेश के मुताबिक दीपावली पर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल भवनों पर लाइटिंग की जायेगी।

न सिर्फ दीपावली बल्कि दीपोत्सव के सभी दिनों में स्कूलों पर विशेष साज सजावट की जायेगी। हालांकि इस संबंध में शिक्षा विभाग ने कोई अतिरिक्त बजट नहीं दिया है, बल्कि स्टूडेंट फंड का ही उपयोग करना होगा। प्राइमरी और अपर प्राइमरी स्कूल समसा के बजट का उपयोग कर सकेंगे और बैंक में जमा राशि के ब्याज से भी ये काम हो सकता है।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि दीपावली से पहले सभी स्कूलों में मरम्मत का काम शुरू हो जाना चाहिए। दीपावली के दीपोत्सव के लिए तय सभी दिनों तक स्कूल बिल्डिंग पर लाइटिंग होनी चाहिए। ये लाइटिंग 18 अक्टूबर से दीपावली तक लगातार रहेगी। इससे पहले 17 अक्टूबर तक स्कूलों में साफ-सफाई व रंग रोगन अभियान चलेगा। शिक्षा निदेशक ने सभी स्कूल प्रिंसिपल को आदेश दिया है कि वो अपने आसपास के चित्रकार से ही स्कूल परिसर में पेंटिंग करवा सकते हैं। ये काम स्थानीय चित्रकार से ही करवाना होगा ताकि स्थानीय कलाकारों को रोजगार मिल सके। उधर 13 से 24 अक्टूबर तक स्कूलों में दीपावली के तहत मध्यावधि अवकाश की छुट्टियां है। इस काम के लिए सरकार ने कोई अतिरिक्त बजट नहीं दिया है। सीनियर सैकण्डरी स्कूलों को स्टूडेंट्स फंड की राशि का उपयोग करना होगा। वहीं प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूल को समसा का बचा हुआ बजट उपयोग करने की छूट होगी। साथ ही स्टूडेंट्स फंड में कोई राशि है तो उसका भी उपयोग हो सकेगा। बैंक में जमा राशि पर मिले ब्याज से भी इस काम को करवाया जा सकता है।

अभिषेक जैन बिट्टू, प्रदेश प्रवक्ता संयुक्त अभिभावक संघ, राजस्थान का कहना है कि प्रदेश में विद्यालय भवन गिरने जैसे कई भयानक हादसों के बाद भी राज्य सरकार और शिक्षा विभाग को जर्जर सरकारी स्कूल, टूटी छतें दिखाई नहीं दे रही है। बारिश में जर्जर हुए स्कूलों में मरम्मत का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में रंग रोगन के बाद अब दीपावली पर लाइटिंग करवाने का आदेश शिक्षा विभाग की दिखावे की मानसिकता को उजागर करता है।

'आत्मा के बिना शरीर शव हो जाता है'

- **मोक्ष प्राप्ति के लिए देव, गुरू व धर्म की आराधना करें तथा कषायों काम, क्रोध तथा पापों से बचें**

बीकानेर, (कासं)। गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर ने शनिवार को रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में चातुर्मासिक प्रवचन में कहा कि आत्मा सूक्ष्म चैतन्य सता है जो अजर-अमर होती है, शरीर हाड-मांस का क्षण भंगुर नाशवान ढांचा है। आत्मा के बिना शरीर शव हो जाता है। आत्मा शरीर को जीवन और महत्व देती है। आत्मा शरीर से दूसरे शरीर में परिभ्रमण करती है

उन्होंने कहा कि व्यक्ति के शरीर से बहुमूल्य आत्मा का निकल जाना ही मृत्यु है। आत्मा के बिना शरीर महत्वहीन है। लोग आत्मा की चिंता नहीं करके जीवन की शारीरिक की भौतिक सुख-सुविधाओं को अधिक महत्व देते है। शरीर का कटना, गलना, जलना व सूखना, बीमार होना होता है। आत्मा पर इन सभी का कोई प्रभाव नहीं रहता। आत्मा का चक्र उस समय तक चलता रहता है जब तक वह मुक्त या मोक्ष नहीं प्राप्त करती। मोक्ष अवस्था में पहुंचने के बाद आत्मा जन्म मरण के चक्र से मुक्त हो जाती है। मोक्ष प्राप्ति के लिए देव, गुरू व धर्म की आराधना करें तथा कषायों काम, क्रोध, लोभ व मोह तथा पापों से बचें। आत्म कल्याण के लिए प्रयास व पुरुषार्थ करें।

चोपदार ने डूडी को दी श्रद्धांजलि

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम. डी. चोपदार बीकानेर पहुंचे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. रामेश्वर डूडी के निधन पर आयोजित शोक सभा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर एम. डी. चोपदार ने कहा कि रामेश्वर डूडी जनहित के सच्चे सेवक थे।

लंबित नामांतरण का निस्तारण किया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। ग्राम पंचायत रोरु बड़ी व कुमास जाटान में शनिवार को आयोजित शिविर में लंबित नामांतकरण का निस्तारण कर मौके पर ही विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। आयोजित हुए ग्राम सेवा शिविरों में 459 व्यक्तियों को गिरदावरी एप की जानकारी दी गई।

शिविर में उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा तहसीलदार फारूक अली, पंचायत समिति की विकास अधिकारी रोमा सहारण सहित ब्लॉक के सभी विभागों के अधिकारियों ने मौजूद रहकर आम जन की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। शिविरों में 657 लोगों ने भाग लेकर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए। शिविर में लंबित नामांतरण के 66प्रकरणों का निस्तारण कर ,जाति व मूल निवास के 72प्रमाण पत्र जारी किए। शिविरों में 230 बिमार पशुओं की चिकित्सा की गई वहीं 109 व्यक्तियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा कर 9 बच्चों के टीकाकरण व वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत 10 पौधे लगाए गए जबकि 49 मिनी किट्स वितरित किए गये। रोरू बड़ी व कुमास जाटान में आयोजित शिविर में भू-राजस्व के 21 प्रकरणों का निस्तारण कर, विधुत सप्लाई व्यवधान के 5कार्यों का निस्तारण किया जाकर 12जन आधार शुद्धिकरण किए जाकर,03 कुर्रेजात निस्तारण किए गए।

वर्षों से लंबित कृषि भूमि विवाद का शिविर में समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की गई लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी 12 अक्टूबर। राजस्व ग्राम लक्ष्मणगढ़ की जमाबंदी खाता संख्या 926, खसरा नम्बर 2698, 486, 2699,486, 2700,486 में दर्ज कुल 09 खातेदार, जो कि विभिन्न गांवों के निवासी हैं, विगत कई वर्षों से कृषि जोतों के आपसी बंटवारे को लेकर विवाद की स्थिति में थे। भूमि का विभाजन न होने के कारण खातेदार न तो सीमाओं को लेकर स्पष्टता प्राप्त कर पा रहे थे और न ही किसी भी प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ ले पा रहे थे।

कुलदीप सिंह भाटी प्रदेश सचिव बने

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बनाए जाने पर कुलदीप सिंह भाटी का अभिनंदन किया गया।

जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव भाटी का जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष खलील बुडाना, पीसीसी सदस्य रणजीत सिंह चंदेलिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमेर सिंह महला, झुंझुनूं शहर ब्लॉक अध्यक्ष अमजद अली, मदनलाल सैनी पूर्व सरपंच, उमर कुरैशी, संजय सैनी सरपंच, अनिल कटेवा सरपंच, महावीरप्रसाद, इकबाल मलवान, पूर्व सरपंच नागरमल गुर्जर, युवा नेता विकास गुर्जर, पार्षद प्रदीप सैनी सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया और उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी मजबूत होने का विश्वास जताया।

तोदी महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। स्थानीय श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत सीकर के तहत किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। जिसमें 100 एवं 200 मीटर दौड़ महिला व पुरुष, रस्साकशी महिला तथा कबड्डी पुरुष वर्ग के मध्य आयोजित हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ अमरचन्द कुमावत, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत, संस्था सचिव आशकरण शर्मा व प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत के द्वारा खेल ध्वजारोहण कर की गई। डॉ अमरचन्द कुमावत ने बताया कि प्रतियोगिता की थीम स्वस्थ राष्ट्र-समृद्ध राष्ट्र है।जिसका उद्देश्य भारत में युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है ताकि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सुनिश्चित हो सके।प्रतियोगिता में 100 मीटर पुरुष दौड़ में अनुज तलानिया,सिकंदर तथा विक्रम खींची ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि100 मीटर महिला दौड़ में भारती कुमावत, पूनम गोस्वामी तथा ज्योति कुमारी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 200 मीटर पुरुष प्रतियोगिता में विक्रम खींची प्रथम अंकित द्वितीय तथा सचिन डोटासरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 200 मीटर महिला दौड़ में प्रथम स्थान पर टीना, द्वितीय स्थान पर स्नेहा जबकि कनिष्क तृतीय स्थान पर रहे। जबकि रस्सा कशी मे मोहिनी देवी गोयनका महिला महाविद्यालय विजेता तथा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिणु उपविजेता रही।

इसी तरह कबड्डी मैच में आयोजित ओपन प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की टीम ने भाग लिया जिसमें बठोठ ग्राम की कबड्डी टीम विजेता जबकि माधोपुरा ग्राम की टीम उप विजेता रही।समापन सत्र के दौरान अर्जुन अवॉर्डी सुरेश मिश्रा तथा प्राचार्य डॉ एन एस नाथावत के द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर एनएसएस इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद शर्मा, घनश्याम वर्मा, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ नरेश कुमार वर्मा, शारीरिक शिक्षक लिछमण सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पंकज शर्मा व महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

राजगढ़ में परमश्रद्धेय सतगुरु श्री जितवानंद महाराज के पावन सान्निध्य में संत सम्मेलन आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ में परमश्रद्धेय सतगुरु जितवानंद महाराज के पावन सान्धिय में संत कबीर मानव धर्म चेतन आश्रम राजगढ में रविवार को संत सम्मेलन, सत्संग व भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं आश्रम के संत रतनदास महाराज की ओर से आयोजित संत सम्मेलन, सत्संग व भंडारा में बडी संख्या में स्थानीय लोगों सहित दुर-दराज के लोगों ने शिरकत कर सत्संग कार्यक्रम का लुप्त उठाया।

इसी दौरान एक बालिका भजनों पर झूम उठी। शाम चार बजे मिली जानकारी के अनुसार रतंनदास महाराज ने साधू संतो का माल्यार्पण कर एवं स्वागत करते हुए उपस्थित साध संगत को सम्बोधित करते हुए कहा कि माँ से बडी देवी नहीं और पिता से बडा देवता नहीं, माता पिता की सेवा से बडी कोई सेवा नहीं है। वहीं उन्होंने कहा कि आज घरों में द्वेषता देखी जा रही है, जिसके लिए सभी घर के लोग एक साथ बैठकर जाना खाए।

उन्होंने कहा बेटियों को जरूर पढाए, महापुरुषों की संगत में रहे और अच्छाई के साथ नशो से दुर रहकर जीवन जीये। उन्होंन कहा कि आज संस्कृति खत्म हो रही है, बडे-बुर्जुग वृद्धआश्रम का सहारा ले रहे है, यह हमारी क्या संस्कृति है।

उन्होंने कहा कि मैं तो खड्डे खोदता हूँ और पेड पौधे लगाता हु, जहां भी पेड लगवाने हो मुझे याद करें और भारतीय संस्कृति को अपनाएं। सतपाल दास ऐलनाबाद ने कहा कि पहले घरों में गाय पालते थे, लेकिन अब गाय की जगह कुते पालते है, घर में गाय की जगह कुते ने ले ली है जो कि बडी शर्म की बात है।

उन्होंने नशो से दुर रहने का आहवान करते हुए सत्संग में आकर गुरुमंत्र धारण कर जाप करने का आव्हान किया। महंत विजयानंद महाराज ने बहुत हीमार्मिक शब्दों के साथ कहा कि आज इस आश्रम में महापुरुषों के सानिध्य में ज्ञान बरस रहा है, ज्ञान की गंगा बह रही है, इसलिए सत्पुरुषों की सेवा करे, ज्ञान रूपी भोजन करे, शब्द की साधना करे और साधु संतों के पास जाकर ध्यान लगाएं। उन्होंने कहा कि साधू वही है जो सतगुरु की सेवा करें, सेवा सिमरन करे, जिससे चित निर्मल होता है।

तिलक नाथ महाराज बांय नकधन्यवाद ज्ञापित किया। प्रेमदास महाराज झुंझुनूं ने कहा 627 साल पहले कबीर साहेब ने कहा कि मनुष्य जूनी नहीं मिलती है, जिसने मनुष्य जन्म में भक्ति नहीं की, कुछ नही किया, जन्म किस लिए मिला उस पर विचार करें तथा बचा हुआ जन्म सेवा सिमरन में लगा दे।

उन्होंने कहा कि दीनता नम्रता धारण करे, कबीर साहेब ने परमात्मा की प्राप्ति के लिए डिग्री हासिल नहीं की, घट में ही परमात्मा बसता है, जीवन अनमोल है इसे व्यर्थ न गवाए। स्वरुप साहिब, भजन की प्रस्तुति देकर कहा कि मनुष्य जूनी सबसे उत्तम जूनी है, मगर मनुष्य पशु कर्म कर वापस वहीं चला जाता गया, जबकि सतगुरु कबीर ने मुक्त होने का सन्देश दिया था। रैमयाराम ने कहा कि महंत रतनदास ने तन और ज्ञान से इस आश्रम में बहुत कुछ किया है।

नरसीदास ने कहा कि सत्संग अहंकार गिराने का माध्यम है। बनवारी साहेब सीकर व बालजी महाराज ने भजनो की प्रस्तुतियां दी। समारोह के समापन पर उपस्थित सभी को भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करवाया। इस अवसर पर मांगेराम सेवानिवृत एसआई, मंगतूराम शर्मा, संत निर्मल नाथ महाराज थान मठुई, संजय दास मोई, प्रेमदास चनाणा, देवा साहेब गुडिया सिरसा, तीर्थनाथ बांय, स्वामी किरशन गिरी महात्मा, बलवीर नाथ अलवर, पूर्णदास भिवानी, श्यामानन्द भादरा, परमानंद मतिसावाली हैड व करीब 25 साधू संतो सहित हजारों की संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालुओं ने सत्संग व भण्डारे में शिरकत की।

सार-समाचार

भागवत कथा 24 अक्टूबर से

झुंझुनूं, (निसं)। श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में श्री केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान परिवार की ओर से चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस पर कुलदेवी श्री राणीसती जी दादीजी एवं पितृ कृपा से श्री मद् भागवत कथामृत महोत्सव का आयोजन 24 से 30 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। कथा का समय प्रति दिवस दोपहर दो बजे से सायंकाल छह बजे तक का रहेगा। जानकारी देते हुए संस्था के ट्रस्टी एवं आयोजक परिवार के डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि व्यासपीठ से कथा का संगीतमय रसपान हरिशरण जी महाराज के श्रीमुख से होगा। उन्होंने बताया कि कथा का शुभारंभ कथावाचक हरिशरण जी महाराज एवं बगड़ दादूद्वारा के पीठाधीश्वर डॉ. अर्जुनदास महाराज के सानिध्य में शुक्रवार 24 अक्टूबर सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। प्रति दिवस कथा स्थल पर सुबह पांच बजे से प्रवचन, सात बजे से प्रभात फेरी का आयोजन तथा कथा के पश्चात प्रति दिवस धार्मिक प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने वाले भक्तों को महाराजश्री द्वारा पारितोषिक प्रदान किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोजक तुलस्यान परिवार के योगेश तुलस्यान एवं सीए प्रशांत तुलस्यान ने बताया कि सात दिवसीय कथा के दौरान प्रति दिवस सेवा कार्यों की श्रृंखला में श्री गोपाल गौशाला में गौ-सेवा (गौ माता को छप्पन भोग प्रसाद), सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में हेलमेट वितरण, रक्तदान शिविर, नेत्र चिकित्सा शिविर, सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री एवं स्नेक्स वितरण, जरूरतमंदों को कंबल एवं भोजन की थाली वितरण आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भागवत पूजन मूलपाठ पंडित संजू के आचार्यत्व में होगा। मां भगवती डायमंड आर्ट के आशीष तुलस्यान द्वारा व्यासपीठ डेकोरेशन एवं पुष्करजी कैटर्स के हरिश तुलस्यान द्वारा प्रसाद व्यवस्था की जाएगी। श्रीमद्भागवत कथा के भव्य एवं सुंदर आयोजन के लिए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था, आशीर्वाद पैलेस हाउसिंग सोसाइटी सहित शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य, तुलस्यान परिवार व अन्य भक्तजन बेहद उत्साहित है।

मनोचिकित्सक डूडी का सम्मान

नोहर, (निसं)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 के अवसर पर राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विशेष समारोह में नोहर उप जिला अस्पताल के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. मनोज डूडी को मानसिक स्वास्थ्य और नशामुक्ति के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राजधानी जयपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने डॉ. डूडी को सम्मानित किया। यह सम्मान हनुमानगढ़ जिले में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रभाव को सशक्त बनाने, साथ ही नशा मुक्ति अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने में उनके प्रयासों को मान्यता स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मंच पर राज्य के मुख्य सचिव सुधांशु पंत, प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़, तथा नेशनल हेल्थ मिशन के प्रबंध निदेशक डॉ. अमित यादव भी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. डूडी द्वारा समाज में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर किए जा रहे जागरूकता अभियानों की सराहना की। डॉ. मनोज डूडी ने सम्मान प्राप्त करते हुए कहा, "यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उस हर व्